दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 03
अंकः-306
मुरादाबाद
27 February 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# पीएम ने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी, बोले- आज के भारत ने छोटे सपने देखना छोड़ दिया



पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग दो हजार रेलवे और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज का दिन रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया। छोटे सपना देखना छोड़ा- पीएम मोदी ने कहा, %आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड से करता है। आज भारत जो करता है...अभूतपूर्व स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।%उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी से जिस स्केल और स्पीड से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है। आज यूपी के गोमती नगर के जिस रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं। 40 हजार करोड़ की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं।

## देश की प्रगति की रेल गति से आगे बढ़ रही

उन्होंने आगे कहा कि ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है। मैं देश के विभिन्न राज्यों को, वहां के नागरिकों को, भाई-बहनों को और युवा साथियों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। क्योंकि इसके सबसे ज्यादा लाभार्थी युवा ही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवाओं के सपनों का भारत है, इसलिए विकसित भारत कैसा होगा, ये तय करने का सबसे अधिक हक उन्हीं को है। मैं देश के हर नौजवान को बताना चाहता हूं कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। बीते 10 वर्षों में नई रेलवे लाइन बिछाने की गति दोगुनी हो गई है। जम्मू-कश्मीर से लेकर नॉर्थ-ईस्ट तक... ऐसे स्थानों पर भी भारतीय रेल पहुंच रही है, जहां लोगों ने कल्पना तक नहीं की थी।

10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा

उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है और रेलवे में परिवर्तन तो साक्षात हम अपनी आंखों से देख रहे हैं।

जो कभी कल्पना में सोचते थे, आज हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। एक दशक पहले तक अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी, एक दशक पहले तक नमो भारत जैसी शानदार रेल सेवा के बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं था।

## आज सुबह किया था ट्वीट

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था, %आज हमारी रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार रेलवे और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की जाएंगी। यात्रा के अनुभव को बढ़ाने के लिए, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इन स्टेशनों की आधारशिला रखी जाएगी। पूरे भारत में ओवरब्रिज और अंडरपास का भी उद्घाटन किया जाएगा। ये कार्य लोगों के लिए %ईज ऑफ लिविंग% को आगे बढ़ाएंगे।% स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं -मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 533 रेलवे स्टेशनों को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से चुना गया है। स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें छत, प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फेकेड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल विकसित किया जाएगा। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।


## दिल्ली-पंजाब सहित कई राज्यों में होगा रेलवे का पुनर्विकास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के कई हिस्से में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास रखेंगे। निर्माण कार्य पूरा होने वाले समपार फाटकों का उद्घाटन भी करेंगे। इनमें दिल्ली का तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इस कार्यक्रम के तहत उत्तर रेलवे के 92 आरओबी व आरयूबी जिसमें 56 उत्तर प्रदेश में, 17 हरियाणा में, 13 पंजाब में, दिल्ली में चार, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में एक-एक शामिल है। लखनऊ मंडल में 43, दिल्ली मंडल में 30, फिरोजपुर मंडल में 10, अंबाला मंडल में सात और मुरादाबाद मंडल में दो आरओबी व आरयूबी का शिलान्यास किया जाएगा। दरअसल लेवल क्रॉसिंग को खत्म करना ट्रेन संचालन के लिए प्राथमिकता है।

## फाटक व्यवस्था को खत्म करने की दिशा में काम

गौरतलब है कि मानवयुक्त समपार फाटकों को खत्म की दिशा में रेलवे तेजी से काम कर रहा है। इससे ट्रेनों की रफ्तार ही नहीं तेज होगी बल्कि रेल और सड़क यातायात अलग हो जाएंगे। ट्रेन की आवाजाही में भी बाधा नहीं होगी और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रहेगी। समपार फाटकों पर ट्रॉली, ट्राला व अन्य वाहनों की भीड़ भी ट्रेनों के आवगमन के कारण नहीं होगी। इससे दुर्घटनाओं में तो कमी आएगी ही, साथ ही ट्रेन से यात्रा के समय को कम किया जा सकेगा। मानवयुक्त समपार फाटकों के खत्म होने से मालगाड़ी की आवाजाही को सुविधाजनक बनाकर आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहित किया जाएगा। रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतीक्षा कर रहे वाहन शहर के प्रदूषण को बढ़ावा देते है। निर्माण पूरा होने पर पर्यावरण प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकेगा। रेलवे रोजाना औसतन 1,200 से अधिक पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन करता है। इससे प्रतिदिन दो करोड़ यात्री सफर करते हैं।

# सत्ता में आए तो अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लाएंगे, खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र




खरगे ने लिखा , 31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था। उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका चयन सेना की नियमित सेवा में होने की बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि अगर उनकी सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को वापस लिया जाएगा और पुरानी व्यवस्था बहाल होगी। दो लाख अभ्यर्थियों को सपने चकनाचूर हुए-खरगे ने पत्र में लिखा, हाल ही में मैं इन नौजवानों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि 2019 और 2022 के बीच लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उन्हें तीनों सशस्त्र सेवाओं- सेना, नौसेना और वायु सेना में चयनित कर लिया गया है। इन युवाओं ने कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण तथा लिखित परीक्षा पास करने के लिए कड़ा संघर्ष किया था। खरगे ने लिखा , 31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था। उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये।सैनिकों के समानांतर कैडर खड़ा करने की कोशिश- अग्निपथ योजना के साथ कई मुद्दे जुड़े हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरावणे ने लिखा है कि अग्निपथ से सेना आश्चर्यचकित हो गई थी। खरगे ने लिखा, यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभाव पैदा करने वाली है...चार साल की सेवा के बाद अधिकतर अग्निवीरों को नौकरी ढूंढने के लिए छोड़ दिया जाएगा। इसके बारे में कुछ लोगों का तर्क है कि इससे सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है। कई ने खुदकुशी की-कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि हताशा और निराशा के कारण कई ने खुदकुशी तक कर ली है। उन्होंने लिखा, अपने सपने को पूरा करने में उन्हें (अभ्यर्थी) न केवल कई साल लग गए बल्कि 50 लाख आवेदकों में से प्रत्येक को 250 रुपये जमा करने पड़े, जो इन युवाओं से लिए गए 125 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि है। हमारे युवाओं को इस तरह से पीड़ा झेलने नहीं दिया जा सकता। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने की अपील करता हूं कि न्याय हो। कांग्रेस का पुरानी व्यवस्था लागू करने का एलान- कांग्रेस ने दावा किया है कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आई तो वे अग्निपथ योजना को वापस लेंगे और पुरानी भर्ती योजना को लागू करेंगे। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना को लेकर कोई मांग नहीं थी और इससे कोई फायदा नहीं होगा, सिर्फ इससे सरकार के कुछ पैसे बचेंगे। हमारी पार्टी को लगता है कि पुरानी भर्ती योजना को लागू किया जाना चाहिए। पायलट ने कहा कि सैन्य बलों को आधुनिक बनाने के लिए कुछ बदलाव किए जा सकते थे, लेकिन पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करना सही नहीं है। क्या है अग्निपथ योजना- जून 2022 में सरकार ने अग्निपथ योजना पेश की थी। इसके तहत युवाओं को शॉर्ट टर्म के लिए सैन्य बलों में सेवा का मौका दिया जाता है। इस योजना का मकसद सेना की औसत उम्र को कम करना है। इस योजना के तहत 17 साल से 21 साल के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जाता है। चार साल के बाद सैन्य बलों में भर्ती किए गए अग्निवीरों में से 25 फीसदी को अगले 15 साल के लिए सेना में नियुक्ति दी जाती है और बाकी लोगों को एक तय रकम देकर रिटायर कर दिया जाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम में पहुंचे सांसद वरुण गांधी, जमकर तारीफ की



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16.7 करोड़ रुपये की लागत से पीलीभीत रेलवे स्टेशन को संवारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को स्टेशन पर होने वाले कार्यों का वर्जुअली शिलान्यास किया। स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद वरुण गांधी समेत भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुली शिलान्यास किया। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर 16.7 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सांसद वरुण गांधी भी शामिल हुए। सांसद वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारा देश तेजी से तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम नेताओं ने सांसद वरुण गांधी का स्वागत किया। स्टेशन पर कराए जाएंगे ये काम - सर्कुलेटिंग परिसर का विस्तार किया जाएगा। यातायात की व्यवस्थाओं में सुधार होगा। स्टेशन परिसर में बागवानी और अन्य काम कराए जाएंगे। - पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। तिपहिया वाहनों के लिए अलग लेन बनेगी। यात्रियों को भी अपने वाहन खड़े करने में सहूलियत मिलेगी। - स्टेशन परिसर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। सौर पैनल व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। - यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक शौचालय और प्रतीक्षालय में काम कराए जाएंगे। - स्टेशन के कार्यालयों की ऊंचाई स्तर को सुधारा जाएगा। जिससे कार्यालय, प्लेटफार्म की ऊंचाई के बराबर होंगे। - जलापूर्ति के लिए 30 हजार लीटर क्षमता की टंकी और दो वाटर हाईड्रेंट भी बनाए जाएंगे। - मोबाइल चार्जिंग की बेहतर व्यवस्था होगी। पैदल ओवरब्रिज व परिसर में जगह-जगह साइनेज व एलईडी स्क्रीन लगेंगी। - प्लेटफार्म नंबर-एक पर फुट ओवरब्रिज के पास एक्सेलेटर सीढ़ियां भी बनेंगी। दिसंबर तक पूरा होगा काम- वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के मुताबिक अमृत भारत योजना से कराया जाने वाला काम दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। काम पूरा होने पर पीलीभीत रेलवे स्टेशन नए लुक में नजर आएगा। इस संबंध में उन्होंने प्रस्तावित स्वरूप का चित्र भी जारी किया। स्टेशन पर दिखेगी जिले की पहचान बांसुरी - बांसुरी और टाइगर रिजर्व जिले की पहचान है। अमृत भारत योजना से संवारे जा रहे स्टेशन पर जिले की पहचान को स्थान मिलने के सवाल पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि स्टेशन पर बांसुरी के भित्तिचित्र लगाए जाएंगे। पूर्व में भी ऐसा किया गया था। इसके अलावा अन्य प्रमुख स्थानों से संबंधित चित्र व मॉडल को भी स्थान मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार



### नहीं रहे मशहूर गजल गायक पंकज उधास, 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे 72 साल के थे। उनका जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। पंकज उधास के परिवार की तरफ से उनके निधन की पुष्टि की गई है। गायक के परिवार की तरफ से कहा गया है, भारी दिल और बड़े दुख के साथ आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि लंबी बीमारी के चलते 26 फरवरी 2024 को पद्मश्री पंकज उधास का निधन हो गया है।

## संपादकीय Editorial

### The tension is present

New affidavits, new sorrows - the miracle is that they are speaking. The Assembly taking stock of Himachal is not just calculating the budget, but is also seeing and hearing what is happening. The idea of serving the employee community is echoing in the venerable structure of the government. If we want to see the state of good luck or prosperity, then the employees speak in the language of every government. While the issues in the House's voting chose the paths of the next year in the lines of last year, the dates of trial of Jairam government and Sukhu government also started becoming history. There are many conclusions, many concerns and many tangents to the budget debate. While clarifying these, quoting what was written in the budget, the Chief Minister fulfilled the request of the employees to provide the benefits of leave encashment and gratuity. The make-up of guarantee of assistance to women was such that a total of 2.37 lakh women will now get Rs 1500 instead of 1100. PG doctors will be paid Rs 40 thousand instead of Rs 33, while the doctors who are on pain down strike will have to wait patiently until NPA is added to their salaries. The government's display of willpower in the budget presentation may have led to increase in honorarium at some places and introduction of new formulas at some places, but the government has the baggage of so many categories, cadres and salary discrepancies of employees that even if they are resolved, it will lead to dissatisfaction. The upper hand remains heavy.

Every answer of the Chief Minister in the budget session cannot be excellent nor can every allegation of the opposition be honest, yet this state wants to see and hear a lot more than politics in the continuity of governments. For example, the foundation stones laid by previous governments, the facade of new offices and the pillars of ambitious projects should not collapse. If the Shivdham under construction in Mandi had been praised in the budget, then surely the public would have been hopeful about this tourism project. Himachal's destiny needs a path, not lawsuits between the party and the opposition in the House, and that is why the BJP, which is cursing the government, is no less accountable. This state is not made of political shells, but is a living example of mountain identity, but the rain disaster has increased the pain of the attitude of the central government. Why was Himachal's disaster considered the culprit in front of Modi government which was playing the cards of double engine government till yesterday? Why was the Center not generous in compensating the state's loss of about twelve thousand crores? We cannot forget that many villages have been destroyed in the cracks of the disaster. Those who rioted did not say that they were against the BJP. Politically also, if there was a clear difference between the two parties in the vote percentage in the elections, then it came in the counting of seats, otherwise there were only a few complaints among the parties. Opposition placards and opposition slogans are present with the hope that the public will be informed that someone was on the ground for them. However, all the scenes in the Himachal Assembly, the topics of debate and the question boxes of the MLAs prove that the House has been fulfilling its responsibilities in the story of real democracy. Noor has also changed politics, otherwise the sweat on Sahib's forehead would not have complained. If in the announcements of a resource-deprived state the budget is making an effort or the Jal Shakti Department is opening a division office in Jwalamukhi, Jaisinghpur or Chuwadi, then what can one call this courage, what can one call this nature. It is a matter of fact that this time there is more.

# From the pages of Sanskriti: How did Tilottama take the lives of two brothers?

Vishwakarma collected the best and most valuable elements from different places in the world. Created a beautiful woman from those particles of unmatched beauty. All the gods including Brahma were astonished to see her beauty. In the lineage of demon Hiranyakashipu, there were two brothers – Sunda and Upasunda. Apart from being strong, both were also extremely cruel. They always lived together. Even their likes and dislikes were similar. One day both the brothers decided to please Brahma and get the boon of immortality from him and with this purpose both of them started penance. Pleased with the penance of Sunda-Upasunda, Brahma appeared. Both of them asked for the boon of immortality from Brahma. But Brahma did not agree, so Sunda-Upasunda said, 'Please grant us this boon that both of us should be killed only by each other and no other creature can kill us!' This boon was equivalent to being immortal, Because both the brothers had so much love for each other that there was no question of killing each other! Brahma said 'Amen' and disappeared. After receiving the boon, the fear of death ended and both the brothers became completely selfless. First he attacked Devlok and then started harassing the sages living on earth. At last all the gods together came to Brahma asking for help. Brahma heard the plight of the gods. He thought for some time and then called Devshilpi Vishwakarma. Brahma said to Vishwakarma, 'Vishwakarma! You create a woman who is so beautiful that there will be no other woman like her in the three worlds. Whoever sees it, just keeps seeing it!' On receiving Brahma's permission, Vishwakarma roamed around the world and collected the best, most valuable and astonishing elements from different places. Then with the help of those particles of incomparable beauty, Vishwakarma created a beautiful woman and presented her before Brahma. All the gods including Brahma were astonished to see the unprecedented beauty of that woman. Brahma said, 'Its name will be 'Tilottama', because it has been made by combining the best sesame seeds of all three worlds. This will lead to the end of Sunda and Upasunda!' Then he said to Tilottama, 'You have to woo Sunda and Upasunda with your beauty. They will do the further work themselves!' Tilottama bowed to Brahma and reached Sunda-Upasunda. On seeing Tilottama, every pore of both the brothers blossomed. Both the demon brothers were so mesmerized by her unmatched beauty that the fire of lust ignited in them. 'Aha! What a captivating beauty! I have seen such a beautiful woman for the first time in my life.' Sund said with joy. Upasunda also said, 'I will make her my wife!' Hearing this, Sunda got angry. He rebuked his brother and said, 'I have seen her before, therefore she is my wife.' 'What is the point of seeing!' Upasunda shouted, 'The idea of making a wife came to me first. Only I will marry her.' No other woman like Tilottama could be found in the three worlds. Her intoxicating beauty took away his intelligence and both of them started fighting to get her. Soon the debate between Sunda and Upasunda took a fierce form. A scuffle broke out between the two. Tilottama was standing nearby smiling. She had understood Brahma's plan. Her unique beauty had created enmity between the two brothers. The next moment, both the brothers took out their swords. A fierce war started between them. In the end, what was supposed to happen happened! Both of them killed each other. Tilottama was still smiling and the gods were happy seeing that scene. A woman's beauty became the cause of enmity between the brothers and then their death. In the Dwapar era, when Draupadi got married to the five Pandava brothers, Devarshi Narad had told them the same story of Sunda-Upasunda, after which the Pandavas made some rules for living with Draupadi, so that they would not have any love for Sunda-Upasunda regarding Draupadi. Let there be no quarrel!

# Colors of Test cricket: 'Baseball' dies, India gets a new team

I am asking all of you to imagine a completely new team in which there will be neither Rohit nor Virat from today's era. Neither Ashwin nor Bumrah, nor even Shami. Yes, Ravindra Jadeja and Kuldeep Yadav will stay for a few more years. Although this is only the fourth Test match going on between India and England, the matches so far have given big messages to cricket around the world. The biggest lesson is for England only. There is no doubt that baseball has created a new excitement in Test cricket. I myself watch all the England matches. With the help of this, the British showed their strength in the Ashes series, so winning the match as soon as they came to India became a big deal. However, England is not able to learn from its captain Ben Stokes and this is the reason why baseball died in the fourth test match. England ultimately had to return to the traditional game. All his old stalwarts reprimanded him for his habit of throwing wickets. Big players like Joe Root were continuously failing. After all, in the first innings of the fourth test, Joe Root played in his own style and scored a century. As we were talking about learning from Ben Stokes, it is important to understand his game. If we look at the last ten innings, Stokes stays on the wicket comfortably at first and hits sixes and fours in the last moments. Joe Root, Olly Pope and Bairstow seemed to want to play T20 style from the first ball and kept giving wickets. To be honest, as a fan of cricket, I enjoy baseball a lot but I also feel that the strategy should be changed according to the situation, hence when the figures came out in the first innings of the fourth test, it became clear that India's But baseball didn't work out. I don't think that England will give up baseball but it is certain that they will definitely change their strategy a bit. For this this tour of India will also be remembered. India's probable team in the coming years - the most important thing These are completely different days for the fans of Indian cricket. In a team full of legends, the big names are getting reduced after every match. If Bumrah did not play in this match, another big name was lost. When the names of Sarfaraz, Jurel and Patidar are added to the batting, then you can imagine what kind of new team is being formed. It is possible that Rohit Sharma may play for a few more days in the name of captaincy and Virat may also return. Amidst all this, the youth of young players is ready to take Indian cricket to a new level. Yashasvi Jaiswal has already shown his mettle. Some experts may also say that we find our heroes in a few matches and then they get lost. This has happened and does happen, but looking at Yashasvi's technique and courage, it can be said that India has got a big player and a good opener. Sarfaraz impressed me with this courage and courage. After playing domestic cricket for so long, he has clearly been improving. After Pant, Bharat got many opportunities in search of wicketkeeper but he could not take advantage. Pray that Pant has a great comeback but now you can also see Dhruv Jurail becoming a part of the Indian team in the future. Team India without veterans - Actually I am asking all of you to imagine a completely new team in which Neither Rohit nor Virat is from today's era. Neither Ashwin nor Bumrah, nor even Shami. Yes, Ravindra Jadeja and Kuldeep Yadav will stay for a few years. Rituraj Gaikwad can be with Yashasvi for opening. Shubman Gill will remain at number three. Rajat Patidar can be a contender for number four but there are many youngsters ready for this place. In future, if Shrishab Pant is not able to keep wicket, then he can be seen playing at this position as a batsman. I would also like to see him as the captain in my future team. In his absence, Ravindra Jadeja, who comes at number six, can fulfill this responsibility. Even if Sarfaraz stays at number five, he can also bat fast when the time comes. Well, it also seems that Sarfaraz's batting order will keep changing. There has been talk of Ravindra Jadeja at number six. Dhruv Jurail should remain on the seventh position. Now it comes to the four bowlers. Jadeja is already a bowler. Kuldeep's place in the Test will be confirmed. After doing some batting in this test, he will also be the number eight batsman. Siraj's place in bowling will also be confirmed. In this way, nine is almost certain. There will be a fight for the remaining two places. On Indian pitches, one of them will be a spinner and on foreign pitches, both will be fast bowlers. Many names are coming to mind but no permanent contender can be found right now. Akashdeep can also be a name. So be ready to travel the journey of the Indian cricket team for at least the next five years with these names.



# मुरादाबाद में मर्डर: गला रेतकर किसान को मार डाला, शव गन्ने के खेत में फेंका, 14 दिन बाद बरामद हुआ कंकाल

मुरादाबाद।बिलारी के रुस्तमपुर खास निवासी किसान का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ है। वह 14 दिन से लापता थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। बिलारी कोतवाली के रुस्तमपुर खास गांव से 14 दिन से लापता किसान रामवीर सिंह( 52 ) का शव गन्ने के खेत में बरामद किया गया। एसपी देहात और सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। रामवीर सिंह 12 फरवरी की शाम चार बजे घर से साइकिल लेकर खेत पर गया था। इसके बाद नहीं लौटा। 13 फरवरी को किसान के बेटे विपिन ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजन लगातार रिश्तेदारों और परिचितों के मिलकर खोजबीन कर रहे थे। सोमवार को कनौबी गांव निवासी किसान चंद्रभान के खेत में ग्रामीण गन्ने की छिलाई करने गए थे। इस बीच खेत के अंदर से तेज बदबू आने लगी। किसान और ग्रामीणों ने जब अंदर जाकर देखा वहां शव पड़ा हुआ था। चंद्रभान ने गांव के चौकीदार नरोत्तम को इसके बारे में बताया। कोतवाली प्रभारी आरपी सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव सड़ी गली हालत में था। चेहरे का कुछ हिस्सा जंगली जानवरों ने खा लिया था। इसलिए कुछ देर तक पहचान नहीं हो पाई। बाद में पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीना और बिलारी सर्किल के सीओ राजेश कुमार भी मौके पर पहुंचे।।।पुलिस की सूचना पर रुस्तमपुर खास के प्रधान ओमप्रकाश सिंह के साथ रामवीर के दोनों बेटे विपिन और प्रद्युम्न तथा अन्य ग्रामीण कोतवाली पहुंचे। उन्होंने शव के पास मिले सामान, मोबाइल, आधार कार्ड और कपड़े देखकर पहचान की। परिजनों ने बताया कि राजवीर की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या का मामला सामने आ रहा है।

# हाईवे पर एक लेन का चक्का जाम, भारी संख्या में बीच मार्ग पर बैठे किसान

मुरादाबाद। भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा के अह्वान पर सोमवार को किसानों ने दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे की एक लेन का चक्का जाम कर दिया। शाम तक किसान हाईवे पर प्रदर्शन करते रहे। इनके साथ काफी समर्थक और ट्रैक्टर-ट्रॉली भी थे। हाईवे पर रामपुर से मुरादाबाद की तरफ आवागमन पूरी तरह से बाधित कर रखा। इससे यातायात काफी मुश्किल भरा रहा। इन किसानों की अगुवाई भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) के मूंढापांडे ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर धर्मेश सिंह कर रहे थे। किसान नेता ने प्रदर्शन का कारण बताते हुए कहा कि 13 महीने के आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून बनाने, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का वादा किया था लेकिन, डेढ़-दो साल बीतने के बाद भी केंद्र सरकार अपने पूर्व के वादे पर खरी नहीं उतरी है। किसान नेता धर्मेश सिंह ने कहा




कि जब व्यापारियों का 15 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ हो सकता है तो किसान का क्यों नहीं?

कहा, किसान परेशान है तभी प्रदर्शन कर रहा है, आंदोलन करना किसी को शौक नहीं है। किसान यूनियन में मुरादाबाद सदर तहसील अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि उनके नेता का आदेश था कि 26 फरवरी के दिन हाईवे की एक लेन का चक्का जाम करना है, जबकि दूसरी लेन पर आवागमन को प्रभावित नहीं करना है। उन्होंने और उनके साथी किसानों ने उसी आदेश का पालन करते हुए प्रदर्शन किया है। इन्होंने पंजाब बॉर्डर पर किसानों के साथ हो रही ज्यादती का विरोध किया और आंदोलित किसानों का समर्थन किया। इन्होंने कहा कि किसानों की 12 सूत्रीय मांगे हैं, जिसे सरकार मानने को तैयार नहीं है और किसानों को घर, खेत-खलिहान छोड़कर आंदोलन करना पड़ रहा है।

# करुला क्षेत्र में टोरेंट गैस पाइपलाइन में आग लगने के बाद अफरा तफरी का माहौल

क्यूँ न लिखूँ सच
अजहर अली



मुरादाबाद - 50 मीटर के घर कराये खाली एक किलोमीटर का ट्रैफिक रोका आपको बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में बीती रात करीब 11=00 बजे टोरेंट गैस की पीएनजी पाइपलाइन में अचानक भीषण आग लग गई आपको बता दें कटघर थाना क्षेत्र करुला आबिद मार्केट के पास लगी अचानक भीषण आग से पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई वही आग की लपटे देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए वहीं सूचना मिलने पर फायर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का लिए प्रयास किया पानी की बौछार के काफी देर के बाद आग पर काबू पाया

# उपभोक्ता तो बढ़े, पर कम हो गए अधिकारी-कर्मचारी

मुरादाबाद। समय के साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में संसाधनों खासकर मानव संसाधन का रोड़ा है। आबादी के अनुपात में उपभोक्ताओं की संख्या तो निरंतर बढ़ रही है, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या कम होने से प्रबंधन के सामने मुश्किल खड़ी है। गर्मी में सुचारू विद्युत आपूर्ति का दावा करने वाले उच्चाधिकारियों का पसीना निकलना तय है। ठंड में लचर बिजली व्यवस्था की मार उपभोक्ताओं पर पड़ी। अब आगे चुनौती गर्मी से निपटने की है। गर्मी में जब बिजली की खपत बढ़ेगी

तो संसाधनों के अनुरक्षण और फाल्ट पर अंकुश लगाने और उसे दूर करने में मानव संसाधन अहम होगा। कर्मयारियों की कमी से गर्मी में 24 घंटे बेहतर और सुचारु विद्युत आपूर्ति के दावे पर खरा उतरने के लिए एड़ी चोटी एक करना होगा। मंडल में वर्तमान में 13,42,125 बिजली उपभोक्ता हैं और उनके सापेक्ष अधिशासी अभियंता से लेकर श्रमिक हेल्पर तक की संख्या एक हजार के आंकड़े को भी नहीं छू पा रही है। मंडल के जिलों में मात्र 899 अधिकारी-कर्मचारी बिजली विभाग में तैनात हैं। मंडल भर में मात्र अधिशासी अभियंता 20,उपखंड अधिकारी 67,अवर अभियंता 133,टी.जी टू ( विद्युत )358,टी.जी टू ( लाइन )79, श्रमिक हैल्पर 242 मिलाकर सिर्फ 899 कर्मचारी और जहां लाखों की संख्या में उपभोक्ता 1342125 और ट्रांसफार्मर 119779 हैं। समय से परियोजनाओं का काम भी अटका -बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत आरडीएसएस परियोजना का कार्य मानव संसाधन की कमी से अधर में लटका है। कार्यदायी संस्था को भी मानव संसाधन बढ़ाने की चेतावनी स्मार्ट सिटी के तत्कालीन सीईओ व प्रशासनिक अधिकारी भी बैठकों में दे चुके हैं। मगर कच्छप गति से चले कार्य से अभी भी कार्य पूरा नहीं हो पाया। काम के चलते महानगर के किसी न किसी हिस्से में हर दिन 6- 7 घंटे शटडाउन लेकर घोषित बिजली कटौती की जा रही है। महानगर में आरडीएसएस परियोजना के अन्तर्गत बेहतर विद्युत आपूर्ति देने का प्रयास है। काम में अड़चन से देरी हुई है। लेकिन अब कार्य को गति दी जाएगी।

मानव संसाधन की कमी से भी दिक्कत होती है। उच्च क्षमता के नये ट्रांसफार्मर भी लगाए गए हैं। अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी जरूर खल रही है। -आरके बंसल, मुख्य अभियंता विद्युत

# देश से क्षय रोग उन्मूलन को और दिखानी होगी गंभीरता, यह हैं क्षय रोग के लक्षण


मुरादाबाद। प्रधानमंत्री के लक्ष्य 2025 तक देश से पूरी तरह क्षय रोग के उन्मूलन के प्रयास को और गंभीरता की जरूरत है। पिछले दो साल के आंकड़े देखें तो मरीजों की संख्या बढ़ी है। वहीं सरकार नये क्षय रोगियों की खोज का अभियान चला रही है जिससे उनकी स्क्रीनिंग और इलाज कर मरीजों को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सके। जिले में इस साल अब तक 1636 क्षयरोगी चिह्नित हुए हैं। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक देश को क्षयरोग से पूर्ण रूप से मुक्त करने का आह्वान किया है। इसकी सफलता के लिए सक्रिय टीबी रोगी खोजने का



अभियान चल रहा है। स्क्रीनिंग में संभावित लक्षणों को देखकर जांच में कन्फर्म होने पर ऐसे मरीजों का सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया जाता है। सामुदायिक कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक कर टीबी रोग को छिपाने की बजाय उसका इलाज कराने को प्रेरित किया जा रहा है। जिससे क्षयरोग कहीं छिपा न रह जाए। जिले में भी क्षयरोगी खोजी अभियान समय-समय पर चलता है। इस साल अब तक 1636 मरीज चिह्नित हुए हैं। वहीं पूर्व के मरीजों का इलाज भी जारी है। ऐसे मरीजों की जांच व इलाज जिला कुष्ठ अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क होता है। मरीजों को पोषणयुक्त आहार के लिए मिलता है भत्ता - क्षयरोगियों को बेहतर पौष्टिक आहार के लिए सरकार की ओर से हर महीने 500 रुपये पोषण आहार भत्ता निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत मिलता है। यह धनराशि ऐसे मरीजों को पौष्टिक आहार का सेवन कर खुद को स्वस्थ रखने के लिए दी जाती है। 2210 ने बढ़ाए हैं अब तक मदद को हाथ -क्षयरोगियों को गोद लेने के लिए जिले में बड़े दिलवालों की कमी नहीं है। उन्हें गोद लेने वालों में स्वैच्छिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, चिकित्सक शामिल हैं। इनकी मदद से क्षयरोगियों को पौष्टिक आहार की पोषण पोटली, निजी अस्पतालों में जांच के लिए लगने वाले खर्च आदि में सहायता मिलती है। जिससे इलाज में आसानी होती है। यह हैं क्षय रोग के लक्षण- खांसी के साथ बलगम बलगम के साथ खून आना सोते समय पसीना आना भूख कम लगना शरीर के किसी हिस्से में गांठ नाखून व बाल को छोड़कर शरीर के किसी हिस्से में इससे संबंधित लक्षण दिख सकते हैं यह बरतें सावधानी-इधर उधर न थूकें - टीबी के लक्षण वाले खांसते-छींकते समय अपने मुंह व नाक पर रुमाल रखें- बलगम के साथ खून आने पर तत्काल किसी सरकारी अस्पताल या संबंधित चिकित्सक से परामर्श लें वर्ष वार क्षय रोगियों की संख्या- वर्ष- रोगियों की संख्या 2024 अब तक- 1636 2023 - 14,855 2022 -10,384 राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 2025 तक देश को क्षयरोग से मुक्त करने के अभियान की सफलता में समाज के लोगों का सहयोग जरूरी है। नये रोगियों की खोज कर उनका इलाज कर क्षयरोग से मुक्त करने की दिशा में प्रयास चल रहा है। ऐसे मरीजों को गोद लेने के लिए समाज के समर्थ लोगों को आगे आना चाहिए। अब तक 2210 लोगों ने हाथ बढ़ाया है। समाज का कोई भी व्यक्ति क्षयरोगियों को गोद लेकर उनके इलाज व पोषणयुक्त आहार आदि के लिए मदद कर सकता है। इस वर्ष अब तक 1636 क्षयरोगी चिह्नित हुए हैं। -डॉ. मुहम्मद जावेद, जिला कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम मुरादाबाद

# शिक्षामित्र और अनुदेशकों को भी मिलेंगे टैबलेट, विभागीय कार्यों में आएगी तेजी

मुरादाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में रियल टाइम उपस्थिति जल्द शुरू होगी। इसके लिए स्कूलों की मैपिंग का काम तेजी से चल रहा है। इसके बाद स्कूलों के रजिस्टर डिजिटल हो जाएंगे। ऐसे में अब शिक्षामित्र और अनुदेशकों को भी टैबलेट दिए जाएंगे। जिससे विभाग की ओर से हर विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक की मैपिंग हो सकेगी। शिक्षा विभाग की ओर से हर विद्यालय को दो टैबलेट दिए गए थे। लेकिन, कुछ विद्यालयों में एकल शिक्षक प्रधानाध्यापक होने के कारण टैबलेट वितरण में दिक्कतें आईं। अब उनका प्रयोग नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण मैपिंग भी नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए को आदेश दिए हैं कि एकल विद्यालय में प्रधानाध्यापक के साथ तैनात शिक्षामित्र और अनुदेशकों को



भी टैबलेट दिए जाएं। जिससे टैबलेट के माध्यम से छात्रों की उपस्थिति, एमडीएम आदि सभी 12 रजिस्टरों को डिजिटल करने की प्रक्रिया तेजी से की जा सके। इसके अलावा महानिदेशक ने आदेश में कहा है कि शत प्रतिशत टैबलेट वितरण व मैपिंग कर इसकी सूचना पोर्टल पर अपलोड की जाए। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि विद्यालयों में केवल प्रधानाध्यापक अथवा एकल सहायक अध्यापक कार्यरत होने के चलते शिक्षामित्रों को टैबलेट दिए जाने हैं। इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आज निकलेगी लॉटरी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम ( आरटीई ) के तहत प्रवेश लेने के लिए 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। इसके लिए प्रथम चरण में 7100 आवेदन आए हैं। महानगर क्षेत्र से 4900 आवेदन व देहात क्षेत्र से 2200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आरटीई के तहत 20 जनवरी से प्रथम चरण के लिए आवेदन शुरू हो गए थे। 18 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे। इसमें बिलारी से 215, भगतपुर टांडा से 53, ठाकुरद्वारा से 52, मुरादाबाद ग्रामीण से 437, डिलारी से 65, कुंदरकी से 28, मूंढापांडे से 31, बनियाखेड़ा से 2, छजलैट से 46, मुरादाबाद नगर से 4948, नगर पालिका ठाकुरद्वारा से 315, नगर पालिका परिषद बिलारी 485, नगर पंचायत उमरी कलां से एक, नगर पंचायत कुंदरकी से 43, नगर पंचायत कांठ से 20, नगर पंचायत ढकिया से 40, नगर पंचायत पाकबड़ा से 299 व नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर से 20 आवेदन आए। 19 फरवरी से 25 फरवरी से आवेदन पत्रों का बीएसए अजीत कुमार ने सत्यापन किया। 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी में नाम निकले बच्चों का 6 मार्च तक प्रवेश कराया जाएगा।

## आश्रम पद्धति के छात्रों का होगा यूनिट टेस्ट

आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को उसी के अनुरूप पढ़ाया जाएगा। साथ ही, कान्वेंट स्कूल की तर्ज पर उनका यूनिट टेस्ट लिया जाएगा। यूनिट टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए पाठ्यक्रम तैयार करवाया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पाठ्यक्रम के अनुसार ही अब उनको पढ़ाया जाएगा। छात्र और मेधावी बन सकें और बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दे सकें। नए शैक्षणिक सत्र से पाठ्यक्रम लागू कर दिया जाएगा।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बहराइच जिले में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह



बहराइच- किसान नेता राकेश टिकैत के आह्वान पर सोमवार को मोतीपुर और नानपारा तहसील क्षेत्र के किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। दिल्ली में किसान एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। इसको लेकर किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा प्रदर्शन को गांव से लेकर शहरों तक पहुंचाया जा रहा है। किसान नेता राकेश टिकैत के आह्वान पर सोमवार को जिले के नानपारा और मोतीपुर तहसील के किसानों द्वारा ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। बहराइच नानपारा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से नानपारा टोल प्लाजा पर टैक्टर मार्च निकाला गया। नानपारा तहसील अध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह की अगुवाई में सैकड़ों ट्रैक्टर के साथ निकाला गया। जिसमे शिवपुर ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द वर्मा, बलहा ब्लाक अध्यक्ष राम बनारस, जिला उपाध्यक्ष बजरंगी लाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मोतीपुर तहसील में जितेंद्र सिंह की अगुवाई में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। मार्च गुलालपुरवा गांव में स्थित मैदान में पुलिस द्वारा रोक दिया गया है। किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस की काफी सुरक्षा व्यवस्था रही। जगह जगह पुलिस तैनात रही।

# अनूठा सहयोग 60 लाख पार- टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने रचा इतिहास

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।प्रचंड अग्नि परीक्षाओं से गुजरते हुए अबकी बार टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सहयोगी साथियों ने मात्र 30 रुपये प्रति सदस्य से प्रत्येक परिवार के लगभग 60 लाख रुपये की मदद कर इस माह भी 6 परिवारों को 3 करोड़ 60 लाख की आर्थिक सुरक्षा मात्र 11 दिनों में प्रदान की है। अब तक इस टीम ने पूरे उत्तर प्रदेश में 155 दिवंगत साथियों के परिवार को लगभग 45 करोड़ के लगभग से आर्थिक सुरक्षा दी है। जो सीधा नॉमिनी के खाते में प्रति सदस्य द्वारा हस्तांतरित की जाती है। सीधा नॉमिनी को हस्तानांतरण करने की प्रक्रिया ही पारदर्शिता एवं सफलता का कारण है। जिसके कारण यह टीम उत्तर प्रदेश में ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है।आज तक शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एकता की सीख दी है ।परंतु आज शिक्षक स्वयं एकता का जीवंत उदाहरण बने हुए हैं। किसी दिवंगत शिक्षक सदस्य के परिवार को इतनी बड़ी आर्थिक सुरक्षा देने वाली यह प्रथम टीम है। बरेली के जिला संयोजक अनुज वीर गंगवार ने बताया कि बरेली से इस बार 4200 से ज्यादा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सहयोग कर सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की है। इनके अनुसार बरेली जनपद से पिछले माह के मुकाबले 450 अधिक नए सदस्यों द्वारा सहयोग किया गया है। बरेली की उपलब्धि पर संस्थापक-प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य ने भी जिला संयोजक और उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

# किसानों ने 15 सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी बाराबंकी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को सौपा

क्यूँ न लिखूँ सच
रामदीन



बाराबंकी- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव के नेतृत्व में किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार के द्वारा किए गए वादे की वादा खिलाफी करने के कारण देवा स्थित मामापुर शारदा नहर पुल पर किसान एकत्र हुए और ट्रैक्टर, कार और पैदल मार्च के साथ ज़लिाधिकारी कार्यालय की तरफ बढ़े ही थे कि पुलिस प्रशासन ने रोक लिया जिसकारण पुलिस के साथ झड़पे हुई। किसानों ने 15 सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी बाराबंकी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को सोपा और यह मांग की कि जिस तरह से विगत वर्ष किसानों की मांगों को लेकर किया जा रहे धरने को समाप्त करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने जो आश्वासन दिया था उसका पालन नहीं किया गया है वह अपने ही वादे से मुकर रहे हैं लोकतांत्रिक देश में मर्यादित और अनुशासित ढंग से धारण करने वाले किसानों पर गोलियां बरसाई जा रही है आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और रबड़ की गोलियां दाग कर उन्हें चोटिल किया जा रहा है जो नैतिकता मानवता के विरुद्ध है अन्नदाता किसानों के साथ इस तरह की बदसलू की बर्दाश्त के बाहर है किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति किसानों के आंदोलन का पूरा समर्थन करते हुए अपना मांग पत्र ज्ञापन दे रही है और महामही जी से अनुरोध कर रही है कि वह अनुशासन ढंग से आंदोलन कर रहे किसानों की मांग को पूरा करवा कर धरने को जल्द ही समाप्त करवाए इस धारणा मार्च कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येंद्र कुमार मौर्य, प्रदेश प्रभारी विवेक यादव, मंडल अध्यक्ष अयोध्या रघुनाथ सिंह, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष अशोक कश्यप, जिला अध्यक्ष बाराबंकी मोहम्मद अब्बास जैदी, महामंत्री देवीशरण तिवारी ने सैकड़ो लोगों के साथ उपस्थित होकर अपना-अपना संबोधन किया और किसने की मांग को पूरा करने की हुंकार भरी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# शामली रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना का लाभ

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता




शामली। जिला शामली को मिला अमृत भारत स्टेशन योजना का लाभ। शामली सांसद प्रदीप चौधरी के अथक प्रयास से शामली रेलवे स्टेशन के पुन: निर्माण तथा ओवर ब्रिज व अंडर पास बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । इस सौभाग्य को भव्य समारोह के रूप में मनाने के लिए एक कार्यक्रम रेलवे स्टेशन शामली परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत बुद्धी की देवी सरस्वती माता की वंदना सरटी देवी राजा राम पब्लिक स्कूल की छात्र द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों के स्वागत में एक राजस्थानी लोक नृत्य राष्ट्रीय गीत वंदे मात्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी प्रदीप सिंह ने सभी को जानकारी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर पहले हुई विभिन्न प्रतियोगिता में सफल छात्राओं को सांसद प्रदीप चौधरी, चेयरमैन अरविंद संगल तथा जिलाध्यक्ष तेजिंदर निर्वाल तथा अतिथियो द्वारा प्रमाणपत्र वितरण दिये। चेयरमैन अरविंद संगल ने अपने संबोधन में शामली तथा नगर वासियों को मिली इस सौगत के लिए सभी को बधाई देते हुए बताया कि प्राप्त योजना हमारे गौरव की बात है और सभी का अभिवादन किया। सांसद प्रदीप चौधरी ने सभी को संबंधित करते हुए कहा कि हम विदेशों में ही आधुनिक रेलवे-स्टेशन तथा आधुनिक सुविधाओं को केवल देखते व सुनते थे लेकिन आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफल प्रयासों से ये साकार हुआ है और हमे आधुनिकीकरण सुविधा मिली। अमृत भारत स्टेशन योजना के शिलान्यास का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दोपहर लगभग 1 बजे किया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सभी को अपने संबोधन में आधुनिकीकरण कि विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा ये प्रयास आप तथा भारत के होनहार युवाओ को साथ लेकर ही सफल हो सका है। इस तरह की रेलवे-स्टेशन आज भारत के राज्यपालों, मंत्रियों संसद, विधायकों तथा लाखो लोगों इस योजना का प्रसारण देखने के लिए अपना योगदान तथा अमूल्य समय निकाला इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। सभी ने इस कार्यक्रम में प्रसाद ग्रहण किया ।

# एस.एस.बी. कमांडेंट ने रेड क्रॉस सोसाईटी की मदद से दिव्यांग व् वृद्धजनों को बाटें सहायक उपकरण

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी एस.एस.बी.,भिनगा के नेतृत्व में 'ए' समवाय सुइयां में एलिम्को कानपुर व् रेड क्रॉस सोसाईटी की मदद से दिव्यांग व् वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान रेड क्रॉस के सचिव श्री अरुण कुमार मिश्र एवं श्री सोनू कुमार उप कमांडेंट की उपस्थिति में श्री रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमांडेंट के द्वारा सीमावर्ती गाँवों में रहने वाले दिव्यांग व् वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित किये गए कमांडेंट महोदय ने बताया कि दिव्यांगता के चलते मनुष्य के जीवन में कई प्रकार की कठिनाईयाँ आ जाती है इसी प्रकार वृद्धावस्था में अव्यवस्था व् बीमारियां भी जीवन को कठिनाईयों से भर देती है, जैसे कान से सुनाई न पड़ना, आँखों से दिखाई न देना, दांत न होना तथा हाथ पैर में ताकत कम हो जाना आम बात है, इसलिए इन कठिनाओ को दूर करने के लिए राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत इन्डियन रेड क्रॉस सोसायटी की पहल पर ये कार्यक्रम आयोजित किया गया रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा यह अभियान 15 फरवरी से चलाया जा रहा है जिसको 62वीं वाहिनी एस.एस.बी ने अपने पूर्ण सहयोग के साथ सफल मनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया इस कार्यक्रम के माध्यम से 277 दिव्यांग व् वृद्धजनों को सहायक उपकरण ( सिलिकोन फोम तकिया, स्पाइनल स्पोर्ट, नी ब्रेस, सरवईकल कोंलर, बैसाखी, छड़ी, फोल्डिंग वांकर, फोर्डिंग व्हील चेयर, ट्राई साईकल ) आदि का वितरण किया गया इस कार्यक्रम के दौरान दीवान सिंह कार्की सहायक कमांडेंट, निरीक्षक जियालाल, श्री विभाकर शुक्ला, संचालक जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एवं अन्य एस.एस.बी कार्मिक उपस्थित रहे

# मैहर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी



मैहर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रीवा सम्भाग प्रभारी पंडित मुक्ति नारायण तिवारी मैहर जिला अध्यक्ष डब्बू पाण्डेय युवा मोर्चा अध्यक्ष सतना सिबेन्द मिश्रा विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष लल्ली त्रिपाठी मनिश दुवेदी निखिल द्विवेदी बिमला शुक्ला महिला मोर्चा सम्भाग अध्यक्ष दुर्गा शुक्ला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे समाज की कुरीतियां को दुर करने की बात हुई चुनावी चर्चा हुई गरीब लड़की की सादी बेरोजगारी किसी गमी में सहयोग करना आदि सम्बंधित चर्चा की और सभी को बताया गया कि सभी पदाधिकारी तन मन धन से समाज की मदत करने के लिए तैयार रहें

# दो अन्तर्राज्यीय शातिर साइबर ठग चढ़े एटा पुलिस के हत्थे

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा



एटा- दो अन्तर्राज्यीय शातिर साइबर ठग चढ़े एटा पुलिस के हत्थे, लॉटरी का लालच देकर भोले-भाले लोगों से अलग अलग खातों में डलवाते थे रुपये, भारी मात्रा में सिम कार्ड, मोबाइल, ठगी करने के विभिन्न उपकरण व प्रपत्र तथा नकदी बरामद। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री योगेंद्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.02.24 को मुअसं-43/2023 धारा-420 भादवि व 66 आईटी एक्ट में वांछित चल रहे दो अभियुक्ततों को समय करीब 14.10 बजे खेरेश्वर चौराहा अलींगढ के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# बाबा जय गुरुदेव का विशाल सत्संग आज

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।बरेली में एक बार फिर बाबा जयगुरूदेव का विशाल सत्संग कुआंडांडा बीसलपुर रोड बरेली में मंगलवार( आज )12 बजे दोपहर से होगा। भंडारा प्रसाद वितरण ~ 04 बजे शाम से किया जाएगा।



जयगुरुदेव दयालबाबा कल्याण के नाश करने काफिला उत्तराखंड में मानव सृष्टी परम् पूज्य जिनके जय सदगुरु श्री जी लोक लिए दु:खों का बाबा का उत्तर प्रदेश एवं भ्रमण करेगा। के अनूठे महापुरुष सद्गुरु श्री दयाल प्रथम दृष्टिपात से ही आपके जीवन से दु:ख, दारिद्र्य, रोग- शोक और कष्ट नष्ट होने लगते हैं। और समस्त अभाव भस्म हो जाते हैं। सद्गुरु श्री दयाल की महाकृपा और विशेष दया प्राप्त करके अपने जीवन की दशा और दिशा बदलने के लिए आप सपरिवार आमंत्रित हैं। गुरु कृपा का लाभ उठाएं।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, एक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती आमने-सामने से दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा निवासी दिलीप वर्मा पुत्र पेशकार ( 35 ) जो मोटरसाइकिल से अपना खेत देखने के लिए खलीफत पुर जा रहे थे। वहीं गिलौला थाना क्षेत्र के गुजरन पुरवा गांव निवासी सिराज पुत्र अनवर अली ( 22 ), अनवर अली पुत्र मुनव्वर अली ( 45 ), शालिया पत्नी अनवर अली ( 35 ) एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर इसी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निमंत्रण करने आ रहे थे, हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत भकला पुल के पास दोनों की मोटरसाइकिल आमने-सामने से भिड़ गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसपर स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। वहीं शिकारी चौड़ा निवासी दिलीप कुमार ही हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जिसको परिजनों द्वारा निजी वाहन से बहराइच ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

# किसान एवं युवा विरोधी है प्रदेश की भाजपा सरकार,घोषणा पत्र में किए वादे नहीं निभा रही भाजपा -ज्ञान सिंह

## जनसंपर्क कर विधानसभा चुनावों में समर्थन के लिए जनता जनार्दन एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी - जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सीधी विधानसभा अन्तर्गत ग्राम हड़बडो में जनता जर्नादन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विधानसभा चुनावों में मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने पहुंचे,जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में आपने भरपूर समर्थन और आशीर्वाद दिया जिसके लिए मैं आप सब का तहे दिल से आभारी हूं



हम आप एक परिवार की तरह है हर सुख और दुख में मैं आपके साथ हमेशा खड़ा मिलूंगा चुनाव में हार जीत मायने नहीं रखती है आप सब का प्यार और आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ यही मेरी पूंजी है उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान एवं युवा विरोधी है प्रदेश में ओला से किसानों की फैसले प्रभावित हुई है लेकिन नुकसान का अभी तक सर्वे नहीं कराया गया तत्काल सर्वे कराया जाए एवं सहायता राशि प्रदान की जाए प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है लेकिन यह सरकार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रही है उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश का किसान आज आंदोलित है किसान अपनी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए आंदोलन कर रहा है केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों को एमएसपी लागू करने की गारंटी दी थी

लेकिन उनकी यह गारंटी पूरी नहीं हुई और मोदी पूरे देश में मोदी की गारंटी चिल्लाते फिर रहे आपने किसानों और युवाओं से झूठ बोला है ग्रामीण जनों से चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र में किए एक भी वादे को अभी तक नहीं निभाया है

अपने किए घोषणाओं को भाजपा सरकार निभाए आगे लोकसभा के चुनाव होने वाले है भाजपा के नेता फिर से आपके बीच में वोट मांगने आएंगे तो उनसे यह सवाल आप सब जरूर करिएगा कि आपने अपने वादे आज तक पूरे क्यों नहीं किया उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी की गई घोषणाएं पूरी नहीं कर रही इसलिए कांग्रेस पार्टी आगामी 29 फरवरी को वीथिका भवन में किसानों की समस्याओं और उनकी जायज मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर किसान और युवाओं की आवाज बुलंद करने जा रही। चर्चा के दौरान अशोक गुप्ता गुलाब सिंह फूलचंद यादव कृष्णा पनिका रामरती सिंह प्रद्युमन मिश्रा भगवान सिंह पुष्पराज सिंह रामप्रताप यादव जनपद सदस्य दीपक पनिका रमेश पनिका विनय सिंह मरकाम लालमन पनिका लल्लू पनिका सहित भारी संख्या में किसान भाई एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जन चेतना दिव्यांग सोसाइटी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंजु जोधा जी किया सम्मान



क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली। नवम दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर में अध्यक्ष मनीष मितल जी के कुशल नेतृत्व मे टीम द्वारा जिला सयुक्त हॉस्पिटल मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंजु जोधा जी( cms ) का विशेष समान, और मुख्य चिकिस्तक अधिकारी ( cmo ) डॉक्टर अनिल कुमार जी, स्टोर इंचार्ज डॉक्टर राजीव शर्मा जी का पटका पहना कर स्वागत किया गया,

सोसाइटी के कैम्प व वितरण कार्यो से अवगत कराया अधिकारियों ने सोसाईटी के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर स्वागत टीम मे, अध्यक्ष मनीष मितल जी, दीपक जी, विजय कुमार सरोहा जी आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर खड़े कर किसानों ने भरी हुंकार, टिकैत बोले- हक नहीं मिला तो किसान आंदोलन के लिए तैयार



संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भाकियू के बैनर तले किसानों ने दिल्ली-दून हाईवे पर भूराहेड़ी से भंगेला तक ट्रैक्टर खड़े कर दिए। एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग रखी गई। इस दौरान कई जगह जाम लग गया। वाहन रेंगते हुए निकले। भारतीय किसान यूनियन ( भाकियू ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हक नहीं मिला तो किसान आंदोलन के लिए तैयार है। पूरे देश का किसान एक है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे से किसानों ने तय किए गए स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करने शुरू कर दिए थे। दिल्ली की तरफ मुंह कर ट्रैक्टर खड़े कर किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। हाईवे की एक साइड में ट्रैक्टर खड़े किए गए थे, जबकि दूसरी साइड से वाहन चलते रहे। दोपहर के समय भूराहेड़ी, छपार, रामपुर तिराहा, बेगराजपुर और मंसूरपुर में जाम की स्थिति बन गई। मंसूरपुर से नरा जड़ौदा तक वाहन रेंगते हुए चलते नजर आए। हाईवे के कटों से यात्री वाहन निकालने के चक्कर में जाम समस्या बन गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत रामपुर तिराहा से होते हुए पहले भूराहेड़ी पहुंचे। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ छपार, रामपुर तिराहा, बेगराजपुर समेत अन्य स्थानों पर पहुंच कर किसानों का हौंसला बढ़ाया।भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि शाम तीन बजे के बाद किसानों के हाईवे से वापस लौटने का सिलसिला शुरू हो गया था। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने पुलिसकर्मियों के साथ वाहनों को निकलवाने की व्यवस्था की।

# राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर श्रावस्ती में दो भा कि यु का दो दिवसीय धरना

क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद श्रावस्ती में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का दो दिवसीय धरना आज से प्रारंभ हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला के भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी के द्वारा किया जा रहा है जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने जनपद के सभी किसानों से अपील की अपने-अपने ट्रैक्टर व कृषि यंत्र के साथ कार्यालय पहुंचकर धरने को सफल बनाने का कार्य करें जिसमें जनपद के कोने कोने से आए हुए किसानों धरने को सफल बनाने के लिए अपने ट्रैक्टर व कृषि यंत्र के साथ धरने में शामिल हुए हैं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सिपाहियों द्वारा धरना शांतिपूर्वक चलाया जा रहा है किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़को पर उतरे है भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष न्याय पंचायत अध्यक्ष ग्राम सभा अध्यक्ष जनपद के कोने-कोने से आए हुए लगभग पांच या सात सौ की संख्या में किसान शांतिपूर्वक को धरने



चलाया जा रहा है

# भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मन की बात में सीधी रहा टॉप पर

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के अगुवाई में विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम जिले के 1036बूथों पर रिकॉर्ड रूप से सुना और देखा गया। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने मन की बात कार्यक्रम को मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, जिला, मंडल, बूथ और आईटी और सोशल मीडिया के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को हार्दिक शुभकामनाएं और धन्यवाद



दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने इस शानदार सफलता पर सभी देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यापित करते हुए यह आह्वान किया है कि इसी प्रकार से आगे आने वाले सभी कार्यक्रमों में जिला प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित करें। सभी पार्टी के जाबांज सिपाहियों का आभार व्यक्त किया है।

# नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा जिला अध्यक्ष का जताया आभार




क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी। विगत दिनों भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप कुमार द्विवेदी रिंकू को भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की सहमति से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने नियुक्त किया था। संदीप द्विवेदी ने आज पार्टी कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का अभिनंदन करते हुए पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ-साथ भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का आभार व्यापित किया है। नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी ने कहा कि मैं पार्टी के अपेक्षाओं पर खडा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिल पांडे, मोर्चे के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, मोर्चे के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद कलाम सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा हुई रद्द झुकी यूपी सरकार - दीपक सैनी

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। - राहुल गांधी प्रयास के सामने झुकी यूपी सरकार, यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा हुई रद्द जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेस के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र छात्राओं को दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने और भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली होने की खबर से पूरे देश के छात्र निराश और मायूस थे, लेकिन इस परीक्षा के अभ्यर्थियों ने चुप बैठने की बजाय आंदोलन का रास्ता चुना। उत्तर प्रदेश पुलिस की इस भर्ती परीक्षा में करीब 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। धांधली की शिकायत लगभग हर जिले से आई थी। करीब 244 'सॉल्वर' और गिरोह के कई लोग पकड़े भी गए थे लेकिन बेरहम योगी सरकार इस परीक्षा को रद्द करने और पुनः निष्पक्ष परीक्षा कराने के लिये बिल्कुल तैयार नहीं थी। न्याय की माँग कर रहे अभ्यर्थियों ने कांग्रेस सांसद श्री राहुल गांधी जी से मुलाक़ात कर सहयोग की माँग की थी, जिसके बाद राहुल गांधी भी छात्रों के समर्थन में उतर आये। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान पीड़ित छात्रों के अलग अलग समूहों से मुलाक़ात की और उनके आंदोलन में साथ देकर युवाओं की आवाज़ को मज़बूत किया। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताक़त के साथ इस मुद्दे को सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक में उठाया और छात्रों के हक़ की आवाज़ को राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया। राहुल गांधी की ताक़त से थर्राई योगी सरकार को आख़िर झुकना पड़ा और यूपी पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा रद्द करने का ऐलान हुआ। यह अकेला मामला नहीं है जहां बीजेपी ने युवाओं के भविष्य को रौंदने और उनकी आवाज़ को दबाने का काम किया है। बीजेपी सरकार में भर्ती घोटाले और पेपर लीक अब आम बात हो चली है। एक बार इस लिस्ट पर गौर करें ।• दारोगा भर्ती- 2017 • UPPCL: 2018 • लोअर सबॉर्डिनेट- 2018 • ट्यूबवेल ऑपरेटर: 2018 • VDO: 2018 • UP आरक्षी भर्ती- 2018( परीक्षा रद्द ) • वन रक्षक-2021( परीक्षा रद्द ) • UPTET: 2021 • PET: 2021 • B.ED: 2021 • NET UG: 2021 • vwth बोर्ड परीक्षा- 2022 • सिपाही भर्ती- 2024 • RO/ARO परीक्षा- 2024 ये लिस्ट युवा विरोधी सरकार के बैड गर्वनेन्स की लिस्ट है. BJP सरकार युवाओं को अपनी नीतियों से प्रताड़ित करने का काम कर रही है। देश में बेरोजगारी का हाल इतना बुरा है 2022 में हर दिन करीब 40 युवा बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या कर रहे थे।अभी के आंकड़ों को देखें तो 20 से 20 साल के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 44% से ज्यादा है। मतलब हर दूसरा युवा बेरोजगारी के जाल में फंसा है।यही कारण है कि यूपी पुलिस के कांस्टेबल की 1 सीट के लिए 83 युवा अप्लाई कर रहे हैं। 1 सीट के लिए 83 युवा... मतलब हर युवा के पास कांस्टेबल की नौकरी पाने का मात्र 1.2त्न चांस है। देश में बेरोजगारी के हालात ऐसे हैं कि युवाओं को वॉर जोन में काम करने जाना पड़ रहा। रूस में तो हमारे देश के युवाओं को बंधुआ मज़दूरों की तरह युद्ध में उतार दिया गया। वक्त आ गया है कि देश की युवा शक्ति अपने भविष्य के साथ हो रहे इस धोखे को पहचानें और अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर इस युवा विरोधी बीजेपी सरकार के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाये। याद रहे ! आपका मौन ही बीजेपी की ताक़त है। आप आवाज़ उठायेंगे, हिम्मत से आगे बढ़ेंगे तो ये सरकार संरक्षित भर्ती और पेपर लीक माफिया खुद ब खुद पीछे हटने को मजबूर होंगे।

# शामली में यातायात व्यवस्था में स्ट्रीट लाइट का काम शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। शामली पालिका अध्यक्ष के द्वारा शामली स्ट्रीट लाइट का काम शुरू कर दिया गया। जिले के सौंदर्यीकरण में अपनी भूमिका देने के लिए अरविंद संगल चेयरमैन सबसे आगे रहते हैं और शामली को नए आयाम तक पहुंचाने में पूरे जीवन प्रयासरत हैं।इनके अथक प्रयासों से शामली जिला उन्नति और प्रगति को और तेजी से बढ़ता है। इनके अलावा जिले का विकास होना सम्भव नहीं है। इनके अथक प्रयास से ही आज शामली के रेलवे-स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना का लाभ दिलाने में भी अरविंद जी का पूरा सहयोग मिला। इस योजना से शामली को आधुनिकीकरण सेवा प्राप्त होगी और नगरवासी शामली से भी विदेशों जैसी आधुनिकीकरण सेवा प्राप्त कर सकेंगे



# जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की, विकसित भारत, मोदी की गारंटी रथ को दिखाई हरी झंडी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतकाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। भारत में इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी पार्टियां जोर-शोर से प्रचार प्रसार कर रही हैं। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही विकसित भारत, मोदी की गारंटी रथ को हरी झंडी दिखाई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा संकल्प समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि आज विकसित भारत - मोदी की गारंटी विषय को लेकर पूरे देश में वीडियो वैन के माध्यम से




2024 के चुनाव में अगले पांच वर्ष के लिए जो लक्ष्य रखना है उसके लिए जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। विकसित भारत की ओर लंबी छलांग- उन्होंने कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतकाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। 15 मार्च तक होगा पूरा कार्य- उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने तय किया है कि देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों और आत्मनिर्भर भारत के लिए इस अमृतकाल में हो रहे कार्यों से संबंधित सभी बातों को भारत की जनता के सामने रखेंगे। इसी के साथ हमारे संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगने का कार्य भी हम सब 15 मार्च तक पूरा करेंगे। एक करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र मिलेंगे- उन्होंने कहा कि ये वीडियो वैन सारे देश में जाएंगी और लगभग 1 करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे और उनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा। जो 2024 में विकास के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए होगा। देश के लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। इसके साथ साथ हम एक विशेष मिस्ड कॉल नंबर के माध्यम से प्रयास करेंगे कि आप अपने सुझाव हम तक पहुंचाएं। नमो एप में भी अलग सेक्शन- जेपी नड्डा ने कहा, इसके अतिरिक्त नमो एप में भी इसके लिए एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी इन वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी।

हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाए हम तक पहुंचे और मोदी जी के नेतृत्व 2024 से अगले 5 वर्षों में उन्हें हम पूरा करेंगे और अमृतकाल में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की तरफ लंबी छलांग लगाने की ओर हम अग्रसर होंगे, ये हमारा संकल्प है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी उत्तर प्रदेश को सौगात, 74 रेलवे स्टेशनों का हुआ पुनर्विकास




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 41 हजार करोड़ रुपए की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपए की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसमें 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास उत्तर प्रदेश के हैं, जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि रेल की गति तेज़ होगी, तो समय बचेगा। भारतीय रेल यात्री सुविधा ही नहीं है, बल्कि देश की खेती और औद्योगिक प्रगति का भी सबसे बड़ा वाहक है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी रेल, छोटे किसानों, छोटे कारीगरों, हमारे विश्वकर्मा साथियों के उत्पादों को बढ़ावा देने वाली है। इसके लिए वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत स्टेशन पर विशेष दुकानें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जिन सुविधाओं की देशवासी कल्पना करते थे, लोगों को लगता था कि काश ये भारत में होता, वही आज हम आंखों के सामने होते देख रहे हैं। बीते 10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है और रेलवे में तो परिवर्तन साक्षात दिखाई देने लगा है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को दिया धन्यवाद वहीं इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित। सीएम योगी ने लिखा %प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में %नए भारत% की %प्रगति की रेल% तीव्र गति से गतिमान है। उसी क्रम में आज प्रधानमंत्री द्वारा पुनर्विकसित गोमती नगर रेलवे स्टेशन के साथ ही, देश भर की 2,000 से अधिक रेल अवसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास संपन्न हुआ। आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!%। उत्तर प्रदेश में 74 स्टेशनों का हुआ पुनर्विकास- मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटि, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आँवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बाँदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटि, फाफामऊ जं., मुजफ्फर नगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुण्डा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया, मैनपुरी जं.।

# खुशियों में बदला मातम: चाचा का शव बताकर कराया पोस्टमार्टम, दफनाने के लिए लेकर चले, वह सड़क पर घूमते मिले

बदायूं के उझानी में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दो युवकों ने अपने चाचा का शव बताकर उसका पोस्टमार्टम कराया दिया। इसके बाद शव को लेकर घर चल दिए। रास्ते में परिजनों ने कॉल किया। उनकी बात सुनकर दो युवक हैरत में पड़ गए। बदायूं के उझानी में अजब मामला सामने आया है। बदायूं रोड पर बसोमा मोड़ के नजदीक रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मरे युवक की पहचान को लेकर कोतवाली पुलिस भी हैरानी में पड़ गई। उझानी कोतवाली क्षेत्र का एक परिवार मृतक को अपने घर का सदस्य मान बैठा और उसकी वहीद के रूप में शिनाख्त तक कर ली। परिजनों के कहने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। जब परिवारवाले शव को लेकर घर के लिए चले, तभी पता चला कि उनके परिवार का सदस्य वहीद तो कछला रोड पर घूम रहा है। इससे बाद में पुलिस को अज्ञात युवक के शव को फिर से मोर्चरी में




रखवाना पड़ा। पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब एक बजे बदायूं रोड पर सड़क हादसा हुआ था। हादसे में करीब 48 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। जब उसकी पहचान नहीं हो पाई तो पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। बताया गया कि उसकी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई थी। पुलिस उसकी पहचान होने का इंतजार कर रही थी। सोमवार सुबह गद्दी टोला मोहल्ले की काशीराम कॉलोनी निवासी शाकिर और अल्ली उझानी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके चाचा वहीद पिछले दो दिन से लापता हैं। उनका कुछ पता नहीं चल रहा है। जब पुलिस ने उनसे रविवार रात हादसे में मरे व्यक्ति के बारे में जिक्र किया तो वह दोनों लोग शव देखने बदायूं मोर्चरी पर आए गए और उन्होंने शव को देखकर उसकी वहीद के रूप में पहचान भी कर ली। वहीद को मानसिक विक्षिप्त बताया गया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने शिनाख्त की कार्रवाई भी पूरी कर दी। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया और उसे शाकिर के हवाले कर दिया गया।

### परिवालों ने दी सूचना- जिंदा है वहीद

बताते हैं कि शाकिर और अल्ली शव को लेकर घर जा रहे थे। तभी परिवार वालों ने सूचना दी कि वहीद कछला रोड पर घूमता मिला है। जब मोबाइल पर शाकिर को इसके बारे में पता चला तो वह पसोपेश में पड़ गया। उससे वहीद की पहचान करने में चूक की वजह से परिवार में दोपहर बाद तक कोहराम मचा रहा। शाकिर की सूचना के बाद पुलिस ने रास्ते में ही शव फिर से अपने कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शाकिर और अल्ली ने ही वहीद की शिनाख्त की थी। दोनों से ही शिनाख्त में चूक हुई है। परिजनों ने ही कोतवाली आकर पुलिस को शिनाख्त की कार्रवाई का प्रार्थना पत्र भी सौंपा था। अब फिर से शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### कब्र खोद गई... पसर गया था मातम

वहीद की मौत की खबर जैसे ही परिवार के लोगों समेत भतीजों को हुई तो मातम का माहौल बन गया। आसपास के लोग घर पहुंचने लगे। शाकिर और अल्ली पोस्टमार्टम हाउस पर थे। दोनों ने परिजनों से कह दिया था कि शव को दफनाए जाने की व्यवस्था शुरू कर दी जाए। इसके बाद कब्रिस्तान में कब्र भी खोदवा दी गई। वहीद के सही सलामत मिलने की जानकारी पर मातम खुशियों में बदल गया। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने कहा कि उझानी कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई थी। गद्दी टोला के दो लोगों ने बताया था कि वह शव उनके चाचा का है, जिससे शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया था लेकिन बाद में पता चला कि उनका चाचा जीवित है। वह कछला रोड पर घूमता मिला है। इससे शव को फिर से मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# स्वास्थ्य रक्षक उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने जनहित की माग अरविंद झंझोट

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली - राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट के नेतृत्व में नंदू प्रसाद वाल्मीकि घनश्याम पार्चा भाजपा वरिष्ठ नेता अरुण झंझोट राष्ट्रीय सचिव मंच कुमारी काजल वाल्मीकि प्रदेश प्रभारी राकेश कुमार वाल्मीकि ओमपाल सिंह एडवोकेट विशाल कुमार मुकेश कुमार आदि ने मिलकर उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य रक्षक सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराने में की जनहित में पांच सूत्र ज्ञापन पत्र माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित श्रीमान अपर जिला अधिकारी महोदय श्री संतोष कुमार जी को पांच सूत्र ज्ञापन पत्र सोपा जनपद नगर पालिका परिषद शामली में वर्ष 1998 में मृतक आश्रित के रूप में पुत्र की वधू ओ को सेवा में लिया गया था

जिन्हें वर्ष 2000 में वधुओं को



सेवा से हटा दिया गया था उन पुत्र की वधुओं को मृतक आश्रित के रूप में सेवा में ली गई थी

उनकी सेवाएं ऑडिट विभाग द्वारा सेवा समाप्त कर दी गई थी इन सभी मृतक आश्रित के रूप में लगी सफाई कर्मचारी महिलाओं को सेवा में मैं वेतन के बहाल करने एवं उत्तर प्रदेश स्थानीय निकायों की समस्त नगर पालिका परिषदों मैं वर्ष 2006 से संविदा में कार्यरत समस्त संविदा सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाने और इन संविदा सफाई कर्मचारियों का छठआ व सातवां वेतनमान लगाकर वेतन वृद्धि भी कराये जाने और आउटसोर्सिंग ठेके व्यवस्था में कार्यरत उत्तर प्रदेश की नगर पालिका परिषदो में सभी समस्त सफाई कर्मचारियों को नियमित किए जाने एवं उत्तर प्रदेश के समस्त विभागो में ठेके व्यवस्था एवं संविदा की नीति को समाप्त कर समस्त विभागों में रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती कराने एवं उत्तर प्रदेश स्थानीय निकायों में संविदा में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को एवं ठेके व्यवस्था के सफाई कर्मचारियों को जिन्हें सेवा में लिया गया था उन्हें हटाया हुआ है और उन शादी शुदा परिवारों में अगर कोई रोजगार नहीं है तो ऐसे गरीब परिवारों में उन हटाए गए सफाई कर्मचारियों को उन्हें वापस सेवा में लिए जाने की मांग की है अरविंद झंझोट ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से उक्त जनहित पांच सूत्रीय समस्याओं का समाधान करने की संगठन के लोगों ने माग की है ज्ञापन देने वालों में अरविंद झंझोट नंदू प्रसाद वाल्मीकि घनश्याम पार्चा भाजपा वरिष्ठ नेताअरुण झंझोट राष्ट्रीय सचिव मंच कुमारी काजल वाल्मीकि प्रदेश प्रभारी मंच राकेश कुमार वाल्मीकि ओमपाल सिंह एडवोकेट विशाल कुमार मुकेश कुमार आदि शामिल रहे

# विधान परिषद चुनाव: पीडीए समीकरण साधेगी सपा, अपना दल की अध्यक्ष कृष्णा पटेल के नाम पर भी विचार

यूपी विधान परिषद चुनाव में मुस्लिम, कुर्मी, गुर्जर और धोबी समाज के नेताओं को मौका मिल सकता है। अपना दल ( कमेरवादी ) की अध्यक्ष कृष्णा पटेल के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। यूपी विधान परिषद चुनाव में सपा पीडीए समीकरणों को साधने का पूरा प्रयास करेगी। पार्टी मुस्लिम, कुर्मी, गुर्जर और धोबी समाज के नेताओं को मौका दे सकती है। इसके लिए पार्टी ने होमवर्क करीब-करीब पूरा कर लिया है। स्थितियां अनुकूल रहीं तो अपना दल ( कमेरावादी ) की अध्यक्ष कृष्णा पटेल को भी मौका मिल सकता है, बशर्ते वे सपा के सिंबल पर प्रत्याशी बनने को तैयार हों। सूत्रों के मुताबिक,




फिरोजाबाद के एक मुस्लिम नेता को मौका मिल सकता है। राज्यसभा प्रत्याशी रामजीलाल सुमन भी फिरोजाबाद के ही रहने वाले हैं।

इन मुस्लिम नेता को साधने से सपा को लोकसभा चुनाव में फायदा होने की उम्मीद है। एक कुर्मी नेता को मौका देने पर भी सहमति बन चुकी है। पश्चिमी यूपी में गुर्जरों को साधने का दांव भी सपा चल सकती है। गुर्जर समाज के एक पूर्व विधायक के नाम पर भी विचार चल रहा है। लोहिया वाहिनी से जुड़े एक दलित नेता को भी मौका मिल सकता है। बता दें, विधान परिषद की रिक्त 13 सीटों के लिए 21 मार्च को चुनाव होना है। इसमें विधानसभा के सदस्य वोट देंगे। संख्या बल के लिहाज से सपा तीन सीटें आसानी से जीत सकती है।

# Excessive amount of salt in food can increase your BP, know how you can control hypertension

Hypertension i.e. high blood pressure can cause many fatal diseases. Crores of people around the world are suffering from this problem which can be very harmful for health. Due to high sodium content, the risk of hypertension increases. Know the reasons due to which BP can increase and how to control it. To control hypertension, experts advised to adopt salt with




less sodium and more potassium. Due to high sodium content and low potassium content, the risk of hypertension increases. High blood pressure can be controlled with the help of exercise, weight loss and healthy diet. The problem of high blood pressure sounds quite simple, but it can also prove to be quite dangerous. According to the World Health Organization, 128 crore people aged 30-79 worldwide suffer from the problem of hypertension i.e. high blood pressure. This is the main cause of premature death across the world, from which it can be understood how important it is to control this condition. Hypertension is a condition in which the blood pressure is 140/90 mmHg or more. If hypertension is left untreated, it can lead to life-threatening conditions like stroke and heart attack. Therefore, it is very important to control the problem of high blood pressure. To control hypertension, a panel of international experts has proposed a guideline in the scientific journal Hypertension, which was published by the American Heart Association. In this guideline, it was suggested to include salt with less sodium and more potassium in the hypertension therapy guideline. Experts gave this suggestion... Experts said that excess amount of sodium increases blood pressure, which can also prove fatal for hypertension patients. But to maintain the taste of food, people are not reducing the amount of salt in their diet. On the other hand, low potassium intake also increases the risk of hypertension. Therefore, by using salt containing potassium, both these problems can be solved. Compared to other salt alternatives, potassium-rich salt preserves the taste and due to the absence of sodium, blood pressure also remains under control. Therefore, it was advised to use potassium-rich salt instead of sodium salt. However, people who have kidney related problems have been advised not to consume potassium-rich salt. The problem of hypertension is not only due to eating too much sodium-rich salt. Apart from this, many lifestyle related habits are also the reason behind high blood pressure. Let us know what other things are necessary to pay attention to control hypertension. Lose weight – Being overweight increases the risk of hypertension. So if you are overweight or obese, try to lose weight. This will have a great impact on your blood pressure. Apart from this, also keep in mind your waist size. Due to increased waist size, the risk of hypertension also increases. Adopt a healthy diet - Blood pressure can increase due to the inclusion of processed, high salt, sugar and unhealthy fat food items in the diet. Therefore, make seasonal fruits, vegetables, whole grains, nuts etc. a part of your diet. This will help in reducing weight. Do exercise – There is a risk of blood pressure increasing due to not being physically active. Therefore, exercise regularly. Therefore, exercise for at least 30 minutes every day. Aerobic exercise and strength training can be especially beneficial in this. Manage stress – Excess stress increases the risk of hypertension. Therefore try to reduce stress. Excessive stress increases inflammation, which increases blood pressure. Therefore try to reduce stress. Get enough sleep, meditate and if needed, you can also take professional help. Stay away from smoking and alcohol – Smoking and drinking alcohol increases blood pressure. Smoking damages the walls of the arteries and is also harmful for the heart. Alcohol not only increases blood pressure but also reduces the effect of medicines taken to control hypertension. Stay away from both cigarettes and alcohol.

# Carry oversized clothes in these ways, everyone will become a fan of your styling.

If you like oversized clothes and have many varieties of them in your wardrobe but are not able to find them just because you do not know how to style them, then pay attention to the tips given here. Be it oversized pants or shirt, maxi dress or boyfriend shirt, every look will look special and beautiful. Oversized clothes are stylish and comfortable. Carry oversized clothes like this. Wearing oversized clothes gives a different kind of comfort feeling. However, if carried properly, they also look quite stylish. From the airport look of Bollywood celebrities to the international runway, you can see the popularity of oversized clothes. Whereas earlier people liked to wear such clothes only during normal outings and trips, now oversized clothes are being worn in every kind of function or event. If you have also bought such clothes online or offline for their beauty, color or style, but have not been able to wear them yet, then follow the styling tips given here. Baggy pants - oversized pants from jeans to trousers. They are very comfortable, so do not wear a loose top or shirt with it, otherwise the look will look very strange. Rather team it with a fitted top. To add a little more style to the look, you can wear a blazer with it. Sweatshirt- Oversized sweatshirt is an easy to carry outfit in winter, with which there is no need to wear anything extra. They are also comfortable, so if you have such a sweatshirt in your wardrobe, then you can wear it with leggings or skin fit jeans. It will look like a very good combination. Denim Jacket-Denim Jacket can also be seen in the wardrobe of almost every woman. Wear it with a knee-length dress for an attractive look. However, you can also try it with denim or baggy pants. Wear statement accessories along with it. Boyfriend Shirt - The trend of boyfriend shirt is also being seen a lot these days. Which is comfortable because it is loose. You can wear this shirt with jeans or shorts. To make the look better, a belt can be worn on the shirt. Maxi Dress-You can wear oversized maxi dress with a belt. If you are wearing a colorful dress for a day outing, then pair it with a fabric belt.




# If asthma patients do not ignore these symptoms in winter, then your problems may increase.

Winter and Asthma: Due to changes in the weather, not only do asthma patients have to adjust to the fluctuations in temperature, but the risk of respiratory infections also increases with the new problems coming in the environment. Therefore they need extra care in this season. It is important to know what kind of precautions are there in this season. For what reasons does the risk of asthma attack increase in winter? How is an inhaler helpful in dealing with asthma symptoms in winter? How to manage asthma in cold weather? First of all, it is important to know about asthma that it is not a disease spread by touch. Secondly, it can affect anyone at any age, from children to adults. Asthma is the most common, chronic lung disease in children. In which the airways swell, shrink and excess mucus also starts forming. Due to all this it becomes difficult to breathe. Not only do asthma patients have to adjust to temperature fluctuations due to changes in weather, but the risk of respiratory infections also increases with new environmental irritants. When an already weakened respiratory tract is exposed to cold, dry air, it can cause spasms in the airway muscles. This process of reverse pressure in the lungs can cause asthma symptoms like cough, wheezing, shortness of breath, chest tightness, etc. and can even lead to an attack. In fact, all this can not only aggravate pre-existing asthma conditions, but it can also lead to new cases of asthma because breathing cold air causes the production of histamine in the airways, which is the same chemical. Which the body produces during allergy. Triggers of asthma in winter?- Winter comes with many triggers of asthma. Cold air is also a common trigger for most asthma patients. Exposure to these triggers can make asthma severe. It involves bronchospasm (i.e. rapid and sudden narrowing of the airways) accompanied by swelling in the lungs. Along with the cold air, pollen, mold, moisture and dust mites also trigger chest infections as well as the common cold and flu viruses during winter. In fact, seasonal flu, which is common in winter, is serious for asthma patients. Asthma patients who come in contact with cold and flu viruses have a higher risk of that infection turning into pneumonia. In such a situation, it is important for patients to be aware. Keep an eye on these triggers and consult your doctor from time to time. Which symptoms should be paid attention to?-Dr. Vikas Maurya, Director and HOD, Department of Respiratory Medicine and Interventional Pulmonology, Pulmonology and Sleep Disorders, at a hospital in Delhi, said, 'The symptoms of asthma can be different in every patient, however, there are some common symptoms seen in the cold season. Symptoms include trouble breathing, chest tightness or pain, and coughing or wheezing. Some asthma patients also have problems with cough, nasal congestion, runny nose, sore throat and mucus. Anyone experiencing such symptoms and triggers should seek immediate medical attention.' How is an inhaler helpful in dealing with the symptoms of asthma in winter? Inhalers are an effective treatment to manage asthma properly as well as reduce the impact of the symptoms. Because- They help in delivering the medicine directly to the lungs, thereby relaxing the airways and helping the person breathe properly. - They deliver small and measured doses of the medicine directly into the airways, thereby somehow There is less chance of side effects. - They help control the symptoms of asthma by providing prevention and immediate relief. - If used as prescribed by the doctor, they are suitable for patients of all ages. How to manage asthma in cold weather?



